बिहार सरकार

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

आदेश

संख्या–अ०स०क०–02–45/2025.......507......../ पटना दिनांक 14/08/26/

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–180, दिनांक–12.11.2021 के आलोक में श्री नवेन्दु मिश्र बिहार प्रखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण सेवा के अधीन प्रखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के पद पर बरहरिया (सीवान) में पदस्थापन एवं मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फ़ारसी विश्वविद्यालय, पटना में प्रतिनियुक्त किया गया। उक्त अधिसूचना के आलोक में श्री नवेन्दु मिश्र, द्वारा दिनांक–16.11.2021 को योगदान दिया गया।

2. अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय आदेश संख्या–630 दिनांक–31.12.2025 द्वारा श्री नवेन्दु मिश्र, प्रखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी को बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की गई है।

3. श्री नवेन्दु मिश्र, प्रखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, सुगौली, पूर्वी चम्पारण के विरूद्ध कोई भी आरोप प्रतिवेदित नहीं है, साथ ही इनके जिम्मे कोई विभागीय बकाया लंबित नहीं है।

4. अतः श्री नवेन्दु मिश्र (कोटि क्रमांक–3577/2021) प्रखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, सुगौली, पूर्वी चम्पारण को उनके अभ्यावेदन दिनांक–06.08.2026 द्वारा किये गये अनुरोध, जो सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के पत्रांक–120, दिनांक–06.08.2026 द्वारा विभाग को उपलब्ध कराया गया है, सम्यक् विचारोपरान्त श्री मिश्र, प्रखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी को बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण एवं बिहार प्रशासनिक सेवा के अन्तर्गत उप समाहर्ता के पद पर अंतिम रूप में चयनित होने के पश्चात् बिपार्ड, गयाजी में योगदान करने हेतु दिनांक–11.08.2026 से त्यागपत्र स्वीकृत किया जाता है।

5. प्रस्ताव में सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–

**(संजय कुमार)**

सरकार के संयुक्त सचिव

अ0सं0क0–02–45/2025.......3274......../ पटना दिनांक 14/08/26

**प्रतिलिपिः–** सचिव के प्रधान आप्त सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** विशेष सचिव–सह–निदेशक के आशुलिपिक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी/जिला कोषागार, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** श्री नवेन्दु मिश्र, प्रखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, सुगौली, पूर्वी चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** आई०टी० मैनेजर, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु प्रेषित।

संजय 14.08.26

सरकार के संयुक्त सचिव